दयालु दोरकास का मरना और फिर जी उठना।

बच्चो को सिखाने के लिए कोई कार्यक्रम **चुनिए।**

प्रार्थना: प्यारे परमेश्वर, बच्चो की सहायता करें कि वह जरूरतमन्दो को अपना व्यवहारिक प्रेम प्रदर्शित कर सकें।

गतिविधियॉ: यदि मुनासिब हो, बच्चे चित्र में रंग भरे जो भूखे आदमी को रोटी देते हुए है।

बड़ा बच्चा या अध्यापक दोरकास की कहानी **प्रेरितो के काम 9:32-42** पढ़े यह बताती है कैसे पहले मसीही गरीबो की देखभाल करते थे।

कहानी सुनाने के बाद यह प्रश्न पूछे *(उत्तर हर प्रश्न के बाद है)*

- दोरकास किस तरह की स्त्री थी *(पद 36)*
- विश्वासियो ने उसके मरने के बाद क्या किया *(पद 38)*
- कमरे में कौन रो रहा था *(पद 39)*
- गरीब लोग दोरकास के बारे में क्या महसुस करते है *(पद 39)*
- दोरकास को जिन्दा करने से पहले परतरस ने लोगो से क्या करने को कहा *(पद 40)*
- उसके चमत्कार का नतीजा क्या हुआ *(पद 42)*

जरूरतमन्दो की सेवा का एक नाटक करो।

- व्यवहारिक तौर पर लोग जरूरतमन्दों को कैसा प्रेम करते है, बच्चे इसका नाटक करे।
- कुछ बच्चो के नाम बताए जो यह पात्र खेलें (आपको सारे पात्र करने की आवश्यकता है)
  1. **भूखी विधवा**
  2. **अकेला अनाथ**
  3. **दु:खी कैदी**
  4. **थका हुआ मुसाफिर**
  5. **बीमार पड़ौसी**
  6. **खोया हुआ बच्चा** जिसको घर का रास्ता नही मिल रहा है
  7. **विश्वासी** जो जरूरतमन्द लोगों से मिलते हैं।
- प्रत्येक जरूरतमन्द अपनी पीड़ा विश्वासी को बताएँ। बच्चे बताए कि जब वह ऐसे लोगो से मिलेगे तो क्या करेगें।
- अगर बच्चे कोई अच्छा उदाहरण नहीं सोच सकते तो यह सुझाव दें।
  1. विधवा को खाना दें।
  2. अनाथों को घर दें।
  3. कैदियों से मिलें और उनको उत्साहित करें।
  4. यात्री को सोने के स्थान दें।
  5. बीमारो की सेवा करे और प्रार्थना करें।
  6. खोए हुए बच्चों को घर लाएँ

प्रेरितो के काम 9:32-42 से दोरकास की कहानी का नाटक प्रस्तुत करें।

कलिसिया के अगुवे से मिलकर बच्चो को नाटक करने की अनुमति दें।

- अगर समय कम है तो अनावश्यक भाग छोड़ दे।
- अगर बच्चे पूरे नहीं है तो पुरूष सहायता करें।
- जब तक सब न समझ ले कि क्या बोलना और करना है, अभ्यास करते रहें।
- कलाकार शब्द बोले और बाइबल के लोगो की नकल करें।
- बड़े बच्चे छोटे बच्चो को तैयारी में सहायता करे।
- बड़े बच्चे और पुरूष पतरस, वर्णनकर्त्ता और दोरकास के पात्र को खेलें। दोरकास सुई, धागा और कपड़े लेने का बहाना करें।
- जवान बच्चे जोपा में प्रेरित तथा विधवाओ का पात्र खेलें।

वर्णनकर्त्ता: दोरकास की कहानी मौखिक रूप से सुनाए जो प्रेरितो के काम अध्याय 1:32-42 में है, फिर कहे "सुनो दोरकास विधवाओ को क्या कहती है"

दोरकास: देखो सहेलियो, मैंने यह कपड़े तुम्हारे लिए लिए है। मुझे मालुम है तुम्हे इनकी जरूरत है।

विधवाएं: ओह, धन्यवाद दोरकास, तुम जरूरतमन्दो पर हमेशा दयावान रहती हो।

दोरकास: अपना सिर पकड़ो और लेट जाओ, फिर कहो, मैं बीमार लग रही हूँ, मुझे लेटना चाहिए (लेट जाओ)

प्रेरित: पतरस के पास जाओ और कहो, पतरस कृपा करके आओ। दोरकास मर गई।

पतरस: जल्दी से वहाँ गया जहाँ विधवाएं दोरकास के चारो तरफ रो रही थी। उसने विधवाओ से कहा बाहर निकल जाओ। परमेश्वर से उसके जिन्दा होने की प्रार्थना की। दोरकास उठ बैठी।

दोरकास: उठ कर बैठो और चारों ओर देखो।

विधवाएं और प्रेरित: सबने मिलकर परमेश्वर का धन्यवाद किया।

वर्णनकर्त्ता और बड़े बच्चे: सबको धन्यवाद जिन्होने सहायता की।

यदि बच्चे, बड़ो के लिए इस कहानी का नाटक प्रस्तुत करते है तो वह बड़ो से यह प्रश्न करें।

बच्चो को नकल करने के लिए कपड़े की पोशाख बनाए। वह यह तस्वीर बड़ो को प्रार्थना के समय दिखाए कि दोरकास जरूरतमन्दो को यह देती थी।



बच्चो से पूछो: दुसरे किस तरीके से हम जरूरतमन्दों की सेवा कर सकते हैं। बच्चे और पुरूष उदाहरण दें।

कविता: कोई चार बच्चे नीतिवचन अध्याय 11:16,24,25 और 28 बारी बारी बोले।

मत्ति 25:40 **याद करें।**

बड़े बच्चे कविता या गीत लिखें कि गरीबों की सेवा के विषय में।

प्रार्थना: प्रभु, हमारी सहायता कर अनाथो की देखभाल, विधवाओं और जरूरतमन्दो से सेवा करने में। हमारी मदद कर कि जैसे आपने हम से प्रेम किया वैसे ही हम भी करें। हमारा मार्ग दर्शन कर हम दोरकास की तरह उनकी सेवा करें।

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net